प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता रवींद्र नाथ महतो आज सर्वसम्मति से दूसरी बार झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन ने रवींद्र नाथ महतो को उनके निर्वाचन पर बधाई दी और विश्वास जताया कि वे सदन की परंपरा को कायम रखते हुए निष्पक्ष रूप से कार्यवाही करेंगे। इस अवसर पर स्पीकर ने सत्ता पक्ष और विपक्ष को राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल विधानसभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद सदन में चालू वित्त वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा।

******************

देशभर में आज विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। मानवाधिकार दिवस का इस वर्ष का विषय है– हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत आज देशवसियों को नागरिक और राजनीतिक अधिकार सुश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

******************

हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हत्यारी मोड़ के निकट सड़क दुर्घटना में लगभग 17 से 18 लोग घायल हो गए। बिहार के छपरा से बस बारातियों को लेकर रांची जा रही थी। इसी दौरान सुबह घना कोहरा होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय और पुलिस के मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया गया।

******************

इधर, राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर रामगढ़ थाना क्षेत्र की चुटूपालू घाटी में सरिया लदा एक ट्रेलर खाई में जा गिरा। इस हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। क्रेन की सहायता से मलबे को हटाया गया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल, ड्राइवर और खलासी की पहचान नहीं हो सकी है।

******************

राज्य में पल्स पोलियो अभियान जारी है। गोड्डा, दुमका, धनबाद और बोकारो समेत सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका और सहिया आज से घर–घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिला रही हैं। आज इस अभियान के तीसरे और अंतिम दिन डोर टु डोर अभियान के तहत छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। पाकुड़ जिले में उपायुक्त मनीष कुमार ने डोर टू डोर निरीक्षण किया और साथ ही अभिभावकों से बच्चों को पोलियो खुराक नहीं पिलाने की वजह जानने की कोशिश की।

******************

देवघर जिले में बढ़ती शीतलहर को देखते हुए चौक–चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है।

******************

रांची में सिरमटोली फ्लाईओवर परियोजना में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे ने निर्माण कराने वाली एजेंसी को ब्लॉक दिया है। इसके तहत 15 दिसंबर से 26 दिसंबर तक 10 ट्रेनों के परिचालन को अलग–अलग दिनों में रद्द किया गया है।

******************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह में कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने यह भी कहा कि दिन चढ़ते ही मौसम पूरी तरह साफ हो जायेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहेगा। इससे ठंड बढ़ेगी।

*******समाप्त*********